



# 20 बस्तियों के स्वयंसेवकों ने बनाई स्वास्तिक मानव श्रृंखला

**शहर में निकाला पथ संचलन, शहर में सैकड़ों जगह हुई पुष्पवर्षा**

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 5 अक्टूबर ।** विजयाशमी के शौर्य का प्रतीक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन रविवार को मुरैना शहर में निकला। शहर की 20 बस्तियों से स्वयंसेवकों का जत्था सात जगह एकत्रित हुआ, यहां से सामूहिक कदमताल करते हुए स्वयंसेवक एसएएफ ग्राउंड पर पहुंचे। यह पथ संचलन एमएस रोड से मालगोदाम रोड, महादेव नाका, रुई की मंडी, महामाया मंदिर, वेयर हाउस रोड, माधौपुरा की पुलिया से पुराना बस स्टैंड होते हुए सीधे एसएएफ ग्राउंड पर पहुंचा।

**पंच परिवर्तन के जरिए सशक्त भारत का दिया संदेश**
शहर के एसएएफग्राउंड में आरएसएस के पथ संचलन में शामिल स्वयंसेवकों को प्रांत प्रचार विमल गुप्ता, मुख्य अतिथि डॉ . विवेक राठी, जिला संघ चालक विजय बांदिल, नगर संघ चालक महेश मोदी पंच परिवर्तन के विषय कुटुंब प्रबोधन, नागरिक अनुशासन, स्वदेशी और समरसता के पंच परिवर्तनों पर प्रबोधन दिया और सशक्त समाज व देश के निर्माण का संदेश दिया।

**100 से अधिक संगठनों ने स्वयंसेवकों पर की पुष्पवर्षा :** स्वयंसेवकों के पथ संचलन पर पूरे शहर में संस्कार भारती, महिला मोर्चा, पूर्व छात्र परिषद, व्यापारी प्रकोष्ठ, सराफा बाजार एसोसिएशन, मुस्लिम संगठनों सहित 100 से अधिक सामाजिक, व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा की।

**मानव श्रंखला के जरिए बनाया स्वास्तिक :** शहर के एसएएफ ग्राउंड पर हजारों की संख्या में पहुंचे स्वयंसेवकों ने मानव श्रंखला के जरिए स्वास्तिक बनाया, जिसका 100 फीट की ऊंचाई से ड्रोन से आकर्षक नजारा दिखाई दे रहा था।

## टंकी बनकर तैयार, पेयजल सप्लाई की बाट जोह रहे ग्रामीण

**अधिकारियों की लापरवाही से जल जीवन मिशन का नहीं मिल पा रहा लाभ**

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/कैलारस, 5 अक्टूबर ।** सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र की जनता को नलों के माध्यम से उनके घरों तक पेयजल पहुंचानें के लिए जल जीवन मिशन कार्यक्रम शुरू किया गया। लेकिन पीएचई विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से जल जीवन मिशन का कार्य धीमी गति से चल रहा है। कहीं टंकी बनकर तैयार है तो पाइपलाईन नहीं बिछाई गई, तो वहीं कहीं पाईपलाईन बिछाने में लापरवाही होने से ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति नहीं मिल पा रही है।

ऐसा ही मामला जनपद पंचायत कैलास की ठाठीपुरा पंचायत में सामने आया है। जल जीवन मिशन के तहत करोड़ों की लागत से पानी की टंकी का निर्माण पूरा हो चुका है। निर्माण एजेंसी द्वारा पंचायत में पाईपलाईन भी बिछा दी गई है। लेकिन पाईपलाईन को अब तक टंकी से कनेक्ट नहीं किया गया है।



ना ही टंकी को भरने के लिए पानी का स्त्रोत उपलब्ध है। ऐसे में बनकर तैयार पानी की टंकी महज शोपीस बनकर ग्रामीणों को घरों में टोंटी से पानी उपलब्ध कराने के सपने दिखा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि जब अधिकारी पेयजल आपूर्ति शुरू कराने में रुचि नहीं ले रहे है, तो सरकार ने टंकी के निर्माण में करोड़ों की राशि भी क्यों खर्च की।

**इनका कहना है . . .**
टंकी बनकर तैयार है, लेकिन आपूर्ति शुरू नहीं हुई है, ग्रामीण अब भी लंबी दूरी पर स्थित कुंआ और अन्य जल स्त्रोतों से पेयजल लाने के लिए मजबूर है।
**– बृजेश जाटव**
**सरपंच ठाठीपुरा पंचायत**

## कैलादेवी से लौट रहे श्रद्धालुओं की ट्रॉली पलटी, 2 मरे, 12 जखमी



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/सबलगढ़, 5 अक्टूबर ।** राजस्थान के करौली जिले में स्थित मां कैलादेवी के मंदिर पर दर्शन करने के बाद लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रॉली रविवार की सुबह रामपुर घाटी क्षेत्र में नंदापुरा मोड़ के पास पलट गई। हादसे में ट्रॉली में सवार 2 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। जबकि 12 से अधिक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार रामपुरकलां एवं ग्राम बराकलां निवासी दो दर्जन से अधिक श्रद्धालु रविवार को मां कैलादेवी मंदिर पर दर्शन करने के बाद रविवार की सुबह ट्रेक्टर-ट्रॉली में सवार होकर अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान जब ट्रेक्टर-ट्रॉली



रामपुर घाटी क्षेत्र में नंदापुरा मोड़ के पास से गुजर रहे थे। तभी अचानक ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्रॉली के पलटते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास रहने वाले ग्रामीणों सहित राहगीरों ने घटनास्थल पर पहुंचकर ट्रॉली के नीचे फंसे श्रद्धालुओं को बाहर निकाला। तब तक सूचना पाकर रामपुरकलां थाना प्रभारी एसआई पारथ सिंह परिहार, एसडीओपी सबलगढ़ राजकृष्ण, एसआई राममंत्र गुप्ता फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए थे। घायलों को तत्काल सबलगढ़ सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में संजना धाकड़ 11 पुत्री महेन्द्र धाकड़ निवासी रामपुरकलां और तुलसी धाकड़ 28 पत्नी संदीप धाकड़ निवासी बराकलां की मौत हो गई। जबकि दर्जनभर से अधिक लोग जख्मी हुए है। जिनका उपचार चल रहा है।

**हादसे में घायल हुए लोगों के नाम :** प्रीति पुत्री 18 रामवीर धाकड़, अंजली पुत्री 15 महेन्द्र धाकड़, विशाल 35 पुत्र राजाराम धाकड़, नीलू 40 पत्नी रामलखन धाकड़, सविता 15 पुत्री उमेश धाकड़, लखन 25 पुत्र रामलखन धाकड़, मनोज 30 पुत्र राजाराम धाकड़, अरविंद 45 पुत्र भगवान सिंह धाकड़, मुन्नी 35 पत्नी सुनील धाकड़ सभी निवासीगकण रामपुरकलां एवं ज्योति 30 पत्नी महेन्द्र धाकड़, सोनम 14 पुत्री महेन्द्र धाकड़ हादसे में घायल हुए है। घायलों का हालचाल जानने के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमल सिंह रावत अस्पताल पहुंचे।





## जो समाज-राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखे वही आदर्श क्षत्रिय : तोमर

**अंबाह में दशहरा मिलन समारोह में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा**

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 5 अक्टूबर ।** रविवार को अंबाह में क्षत्रिय समाज का भव्य दशहरा मिलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें आसपास क्षेत्र समेत बड़ी संख्या में देशभर के क्षत्रिय समाज के लोग जुटे1। पचासा मैदान अंबाह में हुए इस आयोजन में मुख्य अतिथि विसं अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर रहे और अध्यक्षता सांसद शिवमंगल तोमर ने की।

समारोह की शुरुआत अतिथियों ने भगवान राम के चित्र पर माल्यार्पण के साथ की। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र तोमर ने अपने संबोधन में भगवान श्रीराम का उदाहरण देते हुए कहा कि आदर्श क्षत्रिय वही है जो समाज और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखता है। उन्होंने कहा कि राजा श्रीराम आदर्श क्षत्रिय थे, जिन्होंने गिरिजनए परिजन और वनवासी समाज को गले लगाकर राक्षसों का संहार किया और मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए।

आज क्षत्रिय समाज को किसी भी प्रकार के कटु नैरेटिव से सावधान रहने की आवश्यकता है। हमारी परंपरा एकता और समाजरक्षण की है। विशिष्ट अतिथि शेरसिंह राणा ने कहा कि क्षत्रिय केवल जन्म से परिभाषित नहीं होता, बल्कि यह धर्म और आदर्श जीवनशैली है। धर्म रक्षा हेतु यदि शस्त्र उठाना पड़े तो यह शास्त्र सम्मत है। इस अवसर पर संत कृपाल महाराज, संत बालकदास महाराज, पूर्व विधायकगण सत्यपाल सिंह सिकरवार सूबेदार सिंह रजौधा, रविन्द्र सिंह तोमर भिड़ौसा, कृष्णकांता तोमर अध्यक्ष पूर्व महिला आयोग, सुरेंद्र सिंह तोमर, धर्मेंद्र सिंह राजावत सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

**आयोजन समिति में यह लोग रहे मौजूद**
आयोजन समिति में बादाम तोमर, राजेश तोमर, वीरेंद्र परिहार, अजीत तोमर, विजय परमार, नरेश परमार, पुष्पेंद्र तोमर, रिंकू पटेल, विवेक तोमर, आशु राणा, तरुणेश तोमर, सुरजीत तोमर, श्यामू तोमर, रवि तोमर, गौरव तोमर, जितेंद्र तोमर, कपिल तोमर, बिंदुसार तोमर, चंद्रेश चौहान, धर्मेंद्र तोमर, श्याम बाबू तोमर, हरपाल परमार, यशवंत राजावत, मोती तोमर सहित अन्य मौजूद रहे।

**अनंगपाल की प्रतिमा लगी तो सिकरवार देंगे 05 लाख :** आयोजन में पूर्व विधायक सत्यपाल सिंह सिकरवार नीटू ने कहा कि क्षत्रिय समाज द्वारा अंबाह में महाराज अनंगपाल तोमर की अष्टधातु की प्रतिमा लगवाई जाती हैं और उसका संत के हाथों से अनावरण होता हैं तो वह इसके लिए 05 लाख रुपए की सहयोग राशि देंगे।

**संत ने नशा मुक्ति की शपथ दिलाई :** संत बालकदास महाराज ने आयोजन में मौजूद लोगों को नशा मुक्ति संदेश दिया। कहा कि नशा मानव मात्र के लिए नाश की जड़ है।

## छिंदवाड़ा में नकली दवाओं से बच्चों की मौत की जांच हो : गुर्जर

**विधानसभा में ध्यानाकर्षण में उठाया था मुद्दा, सरकार ने की अनदेखी**

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 5 अक्टूबर ।** मप्र विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान ध्यानाकर्षण में प्रदेश में नकली दवाओं की रोकथाम का मुद्दा उठाया गया था। लेकिन सरकार ने इस मुद्दे की अनदेखी



की, जिसका परिणाम छिंदवाड़ा में मासूम बच्चों की मौत के रूप में सामने आया है। छिंदवाड़ा में नकली दवाइयों से मासूम बच्चों की मृत्यु होना अत्यंत दु:खद और हृदय विदारक है। बच्चों की मौत के इस मामले की उच्चस्तरीय जांच होना जरूरी है।

यह बात मुरैना विधायक दिनेश गुर्जर ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कही है। विधायक श्री गुर्जर ने कहा है कि विधानसभा सत्र के दौरान ध्यानाकर्षण के माध्यम से अमानक दवाओं एवं औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम के उल्लंघन की ओर शासन का ध्यान आकर्षित किया गया था। जिसे लेकर शासन की ओर से अब तक आधिकारिक रूप से कोई सकारात्मक जबाव नहीं दिया है। ध्यानाकर्षण के दौरान विधायक श्री गुर्जर ने सरकार को सचेत किया था कि अवमानक/स्पूरियस दवाओं की बिक्री, औषधि निरीक्षकों की लापरवाही तथा विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकते है। दुर्भाग्यवश शासन ने इस गंभीर चेतावनी की अनदेखी की और जिसके चलते नन्हें बच्चे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए। विधायक श्री गुर्जर ने कहा कि प्रदेश में दवाओं के नियमित रूप से नमूने नहीं लिए जा रहे है।

**अधिकारियों की अनदेखी से बिक रही नशीली दवाएं :** विधायक दिनेश गुर्जर ने कहा है कि मप्र में अधिकारियों की मिलीभगत और भ्रष्टाचार के कारण इंदौर, रीवा, ग्वालियर, सतना सहित अन्य जिलों में नशीली दवाओं की बिक्री चरम

## भावी पीढ़ी को इतिहास का स्मरण कराएगा कीर्ति स्तंभ

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 5 अक्टूबर ।** आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मनाये गये अमृत महोत्सव के तहत सांसद निधि से बनवाये गये कीर्ति स्तंभ का रविवार को पुराना बस स्टैंड चौराहे पर विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने लोकार्पण किया। कीर्ति स्तंभ का निर्माण 25 लाख रूपये की लागत से निर्मित किया गया है।

विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने लोकार्पण अवसर पर कहा कि भविष्य की पीढ़ी इतिहास को जान सके, इसलिए कीर्ति स्तंभ बनाने की योजना बनाई गई थी। श्री तोमर ने सांसद रहते हुए अपनी निधि से मुरैना एवं श्योपुर में दो कीर्ति स्तंभ बनवाने का निर्णय लिया था। जिनमें श्योपुर जिले का कीर्ति स्तंभ निर्माणाधीन है। इस अवसर पर मुरैना-श्योपुर के



सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी, पूर्व मंत्री मुंशीलाल, कलेक्टर लोकेश कुमार रामचन्द्र जांगिड़, डॉ. योगेशपाल गुप्ता, केदार सिंह यादव, अनिल कुमार गोयल, श्रीबल्लभ डण्डौतिया सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

### बरेथा गांव में नदी से मिला नाबालिग लड़की का शव

**मुरैना, 5 अक्टूबर ।** दिमनी थाना क्षेत्र के ग्राम बरेथा गांव में रविवार की दोपहर क्वारी नदी में एक नाबालिग लड़की का शव पानी में तैरता हुआ मिला। जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जानकारी के अनुसार बरेथा गांव के पास से गुजरी क्वारी नदी में रविवार की दोपहर चरवाहों ने एक लड़की का शव बहता हुआ देखा, उन्होंने तत्काल दिमनी पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंचीं और शव को पानी से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। समाचार लिखे जाने तक मृतिका की शिनाख्त नहीं हो सकी थी।



### शटरिंग का काम करने वाले युवक ने फांसी लगाई, मौत

**मुरैना ।** माताबसैया थाना क्षेत्र के अंतर्गत माधौपुरा गांव में शनिवार-रविवार की रात को एक युवक ने खेत पर लगे नीम के पेड़ से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जानकारी के अनुसार माधौपुरा गांव में रहने वाला सनी जाटव 30 पुत्र बृजबहादुर जाटव भवन निर्माण के काम में शटरिंग लगाने का काम किया करता था। शनिवार की रात को जब सनी जाटव अपने घर में था, तभी उसने अज्ञात कारणों के चलते रस्सी का फंदा बनाया और उस पर झूल गया। रविवार की सुबह जब परिजन ने उसे फंदे पर झूलते हुए देखा, तब पुलिस को सूचना दी। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

### ट्रांसफॉर्मर से निकले करंट की चपेट में आने से भैंस की मौत

**मुरैना ।** कस्बे में रविवार को एक गरीब किसान की भैंस ट्रांसफार्मर से फैले करंट से मर गई। रामपुरकलां निवासी सरोज कुशवाह पत्नी झंडूराम की भैंस रविवार को गांव में ही बहने वाले नाले के पास पानी पीने गए थी। इसी दौरान वहां रखे ट्रांसफार्मर के नीचे करंट फैल गया, जिससे भैंस उसकी चपेट में आ गई। ग्रामीण जब मौके पर पहुंचे तो भैंस मर चुकी थी।

## सड़कें बनाई नहीं, सरपंच-सचिव ने निकाले 1 .92 लाख

**देवरी सहराना के सरपंच, सचिव, जीआरएस पर आरोप, ग्रामीणों ने की शिकायत**

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 5 अक्टूबर ।** जौरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत देवरी सहराना के सरपंच, सचिव और ग्राम रोजगार सहायक पर सड़क निर्माण के नाम पर भ्रष्टाचार, घोटाला किए जाने के आरोप लगाए ग्रामीणों ने लगाए है। ग्रामीणों की ओर से जिपं सीईओ एवं कलेक्टर को आवेदन देकर इस बात की शिकायत की गई है।

शिकायत में ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत प्रतिनिधियों ने पंचायत क्षेत्र में 4 सड़कों का धरातल पर निर्माण नहीं किया है। जबकि इन सड़कों के निर्माण के नाम पर 1 लाख 92 हजार रूपये





की राशि आहरित की जा चुकी है। ग्रामीणों ने पंचायत प्रतिनिधियों पर अपने परिवारीजन, रिश्तेदारों के नाम फर्जी मस्टरोल भरकर मजदूरी की राशि भी हड़पने के आरोप लगाए है। ग्रामीणों का कहना है कि उनके द्वारा घोटाले एवं भ्रष्टाचार की शिकायत कई बार की जा चुकी है, लेकिन अब तक अधिकारियों ने जांच तक कराना मुनासिब नहीं समझा है। देवरी सहराना गांव के अखिलेश यादव और नरेश यादव ने कलेक्टर को दिए शिकायती आवेदन में बताया कि पंचायत की सरपंच सरोज पत्नी रामचित्र खरे ने रामनिवास राठौर के मकान से भागीरथ के मकान तक 47 हजार 500, भागीरथ के मकान से औतार गुर्जर के मकान तक 47 हजारए औतार गुर्जर के मकान से सुल्तान गुर्जर के मकान तक 49 हजार रुपए और सुल्तान गुर्जर के मकान से पानी की टंकी तक 48 हजार 500 रुपए की सड़क बनाने के नाम पर निकाल ली गई। लेकिन यह चारों सड़कें आज भी कच्ची हैं और बारिश के बाद इनमें गड्ढे हो गए। धरातल पर जाकर देखा जाए तो सड़क के नाम पर गिट्टियां तक नहीं डाली गई हैं।

**पंचायत में कचरे के ढेर, सफाई के नाम पर रुपए निकाले :** पंचायत सरपंच और सचिव ने इसी सीजन में साफ-सफाई के नाम पर 2 बार में 34 हजार 900 रुपए की राशि आहरित कर ली। लेकिन गांव में जगह-जगह गंदगी और कचरे के ढेर पड़े हुए हैं। इसी प्रकार पांचवे वित्त आयोग से फ ोटोकॉपी, इंटरनेट कनेक्शन व बिल भरने के नाम पर 19 हजार 910 रुपए आहरित कर लिए गए।

**पति सहित रिश्तेदारों के नाम मस्टर में लिखे, निकाली राशि :** ग्रामीणों ने कलेक्टर को दी गई शिकायत में यह भी बताया है कि जीआरएस चंदा यादव ने अपने पति जितेंद्र पुत्र सुंदर यादव, जिठौत शुभम पुत्र बृजेंद्र सिंह, अभिषेक पुत्र रामकुमार और दीपेश पुत्र रामकुमार, जेठ रणवीर पुत्र रामभजन, करतार पुत्र रामभजन, रामकुमार पुत्र रामेश्वर, देवर भूपेंद्र पुत्र रामेश्वर सिंह, आशा पत्नी भूपेंद्र के फर्जी मस्टर चढ़ाकर लाखों रुपए की मजदूरी राशि निकाल ली गई, जबकि पंचायत में जो काम हुए हैं, वह मशीनों से करवाया गया है।

**इनका कहना है . . .**
देवरी सहराना गांव में निर्माण कार्यों में गड़बड़ी की शिकायत ग्रामीणों ने की है। जांच टीम बनाकर पूरे मामले की जांच कराई जाएगी।
**– कमलेश कुमार भार्गव**
**जिपं सीईओ, मुरैना**